भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3055

उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2026

डाक कर्मचारियों के कल्याण हेतु उपाय

3055. श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण :
डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंह :
श्री नारायण कोरागप्पा :
श्री उज्जवल देवराव निकम :
श्री मंयककुमार नायक :
श्री अमर पाल मौर्य :
श्री मिथलेश कुमार :
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे :
श्री रायगा कृष्णैया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2024-25 के दौरान ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की कार्य स्थितियों और कल्याण में सुधार के लिए कौन-कौन से उपाय किए गए हैं;

(ख) डिजिटल क्षमता निर्माण के लिए डाक कर्मयोगी और आईजीओटी पोर्टलों पर कितने डाक कर्मचारियों को सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है;

(ग) क्या वर्तमान में डाक कर्मचारियों की संस्वीकृत और कार्यरत संख्या के बीच कोई बड़ा अंतर है, और यदि हां, तो रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) नए अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र जारी करने के लिए विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेले के नवीनतम चरण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की कार्य स्थितियों में सुधार और कल्याण हेतु किए गए उपायों में दिव्यांगजन अधिकार (पीडब्ल्यूबीडी) अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में कर्तव्य-निर्वहन में अक्षम जीडीएस कार्मिकों के आश्रितों के लिए अनुकंपा नियोजन संबंधी सुविधाओं का विस्तार, सर्कल कल्याण निधि में विभाग के अनुदान में दो गुना तक की वृद्धि, सर्कल कल्याण निधि से वित्तीय अनुदानों और सहायता राशि में 10% तक की वृद्धि और प्रति वर्ष 5% की साधारण ब्याज दर पर टैबलेट/मोबाइल की खरीद के लिए 10,000/- रुपए तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान शामिल है।

(ख) वर्तमान में, डिजिटल क्षमता निर्माण हेतु जीडीएस कार्मिकों सहित 4.55 लाख कर्मचारी डाक कर्मयोगी पोर्टल पर और जीडीएस कार्मिकों सहित 4.58 लाख कर्मचारी इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (iGOT) कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किए गए हैं।

(ग) डाक कर्मचारियों की संस्वीकृत संख्या और कार्यरत संख्या में अंतर है। सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और अन्य प्रशासनिक कारणों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भारत सरकार के भर्ती नियमों और मौजूदा अनुदेशों के अनुसार समय-समय पर नियमित रूप से भरा जाता है।

(घ) सरकार द्वारा 24.10.2025 को जॉब फेयर (रोज़गार मेला) के हालिया चरण का आयोजन किया गया, जिसमें डाक विभाग ने भाग लिया। इसमें 8,295 नए कार्मिकों को नियुक्ति प्रस्ताव सौंपे गए।

*****